**Series D4BCA/4**

**SET-3**

प्रश्न-पत्र कोड **4/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

आज के दौर में जिसे देखो, वही दुखी, परेशान, हताश और उदास नजर आता है । तमाम तरह की चिंताओं ने लोगों को घेर रखा है । कोई अपनी सेहत को लेकर परेशान रहता है, तो कोई काम-धंधे की मंदी या वेतन में कटौती से दुखी है । किसी को भविष्य की चिंता सता रही है तो कोई अपने मान-सम्मान के बारे में सोच कर मायूस महसूस कर रहा है । जाहिर है, ऐसे में हर कोई खुशी के पीछे भाग रहा है । कई लोग सोचते हैं कि अमीर उद्योगपति या मोटा वेतन पाने वाले पेशेवर लोग खुश रहते हैं और ग़रीबी या आर्थिक विपन्नता ही खुशी से वंचित रहने की एकमात्र वजह है । लेकिन अगर धन से खुशी आती तो दुनिया में कई धनी लोग कुंठा और हताशा में जीवन नहीं जीते । खुशी पैसा नहीं, संतुष्टि का भाव है । यह पैसे से नहीं, हमारे प्रयासों से आती है और सबसे बड़ी बात है कि खुशी के पीछे भागने से खुशी नहीं मिलती । खुशी हमारे बिल्कुल आसपास होती है, जिसे हमें पहचानना और ग्रहण करना होता है ।

ज्यादातर लोग खुशी हमेशा बाहर खोजते हैं, जबकि यह उसी परिवार में उपलब्ध होती है, जिसका हम अहम हिस्सा होते हैं । मुश्किल यह है कि आजकल परिवार की परिभाषा सिकुड़ गई है । हम सिर्फ पति-पत्नी और अपने बच्चों को ही परिवार मानने लगे हैं जबकि भाई-बहन, देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, सास-ससुर, चाचा-मामा आदि सभी इस परिवार के सदस्य होते हैं । जब हम अपने परिवार के सदस्यों की खुशी में सच्चे मन से सम्मिलित होने लगते हैं और उनकी खुशी के लिए सक्रिय रहते हैं, तो खुशी स्वयं हमारे पास आती है । जब हम इस मानसिकता से व्यवहार करते हैं, तो परिवार के दूसरे सदस्य भी हमारे लिए ऐसा ही करते हैं । फिर खुशी न मिलने का कोई कारण नहीं हो सकता । इसलिए हम भले ही एक चारदीवारी में न रह कर अलग रहते हों, अलग खाना बनाते हैं, लेकिन मन से हम अपने संपूर्ण परिवार से जुड़े रह सकते हैं ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. संपूर्ण परिवार से जुड़कर खुशी पाई जा सकती है ।

II. दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ आदि को मिलाकर परिवार मानना चाहिए ।

III. दुनिया में सभी धनी कुंठाग्रस्त और हताश नहीं हैं ।

IV. तथाकथित खुशी को धन से नहीं खरीदा जा सकता ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) II और III

(C) केवल IV

(D) I, II, IV

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* हमें अपने परिवार की खुशियों में सच्चे मन से और सक्रियता से उपस्थित रहना चाहिए ।

*कारण :* यही प्रसन्न रहने का एकमात्र साधन है ।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(iii) प्रत्येक व्यक्ति खुशी के पीछे क्यों भाग रहा है ?

(A) आर्थिक विपन्नता के कारण

(B) विभिन्न चिंताओं से घिरे होने के कारण

(C) 'खुशी' से स्वस्थ रह पाएँगे, ऐसी सोच के कारण

(D) 'खुशी' से पैसा आएगा, ऐसी सोच के कारण



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) खुश रहने के लिए आवश्यक है :

(A) आर्थिक संपन्नता

(B) प्रतिष्ठित होना

(C) उद्योगपति होना

(D) संतोषी होना

(v) आजकल लोगों की चिंता के कारण हैं :

(A) अस्वस्थ होना, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(B) आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना, हताशा

(C) उदासी, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी

(D) निराशा, आर्थिक मंदी, अस्वस्थ होना

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अठारह साल के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा इन दिनों छाए हुए हैं । पाँच बार विश्व चैंपियन रहे मैग्नस कार्लसन के साथ शतरंज वर्ल्ड कप का अंतिम मुकाबला भले ही वह नहीं जीत पाए । पर, कम उम्र में ही सफलता और उम्मीदों का भारी ताज वह पहन चुके हैं । उनकी सादगी, शालीनता पसंद की जा रही है । अच्छी बात है कि वे हार-जीत दोनों में सहज दिखते हैं । बीते साल एक ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में कार्लसन को हराने के बाद प्रज्ञान ने कमाल बात कही । उन्होंने कहा, 'यह केवल एक जीत है, कोई अंतिम नहीं । आगे कई चुनौतियाँ हैं । बहुत कुछ करना है । यही हार के साथ होता है । किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता ।'

अब सवाल यह है क्या अपनी सफलता की खुशी मनाना ग़लत है ? माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स कहते हैं, 'सफलता की खुशी मनाने में हर्ज नहीं है । पर ज्यादा जरूरी है कि हम असफलताओं के सबक पर भी ध्यान देते रहें ।'

सफलता के साथ बहुत कुछ बदलता है । कभी हम बदल जाते हैं तो कभी दूसरे । कितनी ही बार तो हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है । इस कारण कभी हम अतिआत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते, तो कभी दूसरों से हमारे रिश्ते खराब हो जाते हैं । ऐसे में सबसे पहले अपने घमंड और आक्रामक होने की इच्छा को काबू करना जरूरी हो जाता है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

कितनी ही प्रतिभाएँ एक-दो बड़ी जीत की चमक-धमक में ही अटक कर रह जाती हैं । या समझ नहीं आता कि आगे क्या ? ऐसे में सहजता ही हमारी उपलब्धियों के कद को बढ़ाती है । हम विनम्र रहें, सफलता की चाह हो और मेहनत करने में आगे रहें । ध्यान प्रक्रिया पर हो । हम नतीजा भले ही हार जाएँ, पर हमारा उत्साह हमेशा बना रहे ।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन :* सफलता के मद में हमें अपने से आगे दिखना ही बंद हो जाता है ।

*कारण :* हम अति आत्मविश्वास के शिकार होकर जरूरी मेहनत नहीं करते ।

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं ।
(B) कथन ग़लत है लेकिन कारण सही है ।
(C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।
(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(ii) सफलता प्राप्ति के बाद किसे अपने नियंत्रण में रखना आवश्यक है ?

(A) दूसरों के प्रति अपने व्यवहार को
(B) अहंकार और आक्रोश की इच्छा को
(C) आत्मविश्वास और जीत की खुशी को
(D) अपने प्रति दूसरों के व्यवहार को

(iii) बिल गेट्स के अनुसार सफलता की खुशी मनाने से अधिक आवश्यक है :

(A) असफलताओं की चुनौतियों को स्वीकारना
(B) असफलताओं के कारणों पर ध्यान देना
(C) नए लक्ष्य के लिए संघर्ष करना
(D) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना

(iv) 'किसी एक हार से सब खत्म नहीं हो जाता' — पंक्ति का आशय है :

(A) जीत-हार जीवन के दिन और रात हैं ।
(B) असफल होने से जीवन समाप्त नहीं होता ।
(C) हार के बाद जीत अवश्य आती है ।
(D) लक्ष्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करना चाहिए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) प्रज्ञाननंदा की प्रसिद्धि का कारण है :

(A) कम उम्र में शतरंज के क्षेत्र में नाम कमाना

(B) उनकी सादगी, सरलता और शालीनता

(C) हार-जीत को समान भाव से स्वीकारना

(D) जीवन को चुनौती के रूप में स्वीकारना

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) "हालाँकि उनकी एक ही नज़र बहुत कुछ कह गई ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(ii) "अपने गाँव के जिन चंद लोगों को मैं सम्मान देता हूँ, उनमें हरिहर काका भी एक हैं ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) "मुझसे भी कुछ कहना उन्होंने बंद कर दिया है ।" — में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) "हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण हैं ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

(v) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है ।

(B) मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है ।

(C) मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है ।

(D) मेरा गाँव आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर है ।

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए :

(A) दोनों दिन उनके पास मैं देर तक बैठा रहा, लेकिन उन्होंने कोई बातचीत नहीं की ।

(B) जब उनकी तबीयत के बारे में पूछा तब उन्होंने सिर उठाकर एक बार मुझे पूछा ।

(C) सिर झुकाया तो दुबारा मेरी ओर नहीं देखा ।

(D) काका की ज़िंदगी से मैं बहुत गहरे से जुड़ा हूँ ।

(ii) "जुड़ाव का मुख्य कारण है कि हरिहर काका मेरे पड़ोस में रहते हैं ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) "लोगों से माँगकर खा लेते थे और पूजा-पाठ की भावना जाग्रत करते थे ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य छाँटिए :

(A) गाँव की कुल आबादी ढाई-तीन हजार होगी ।

(B) गाँव के पूरब में ठाकुरजी का जो विशाल मंदिर है उसे गाँव के लोग ठाकुरबारी कहते हैं ।

(C) ठाकुरबारी की स्थापना की जानकारी किसी को नहीं है ।

(D) मैं उनके यहाँ गया था लेकिन उन्होंने कुछ नहीं कहा ।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | मेरी माँ बताती है, हरिहर काका बचपन में मुझे बहुत दुलार करते थे । | (I) | सरल वाक्य |
| 2. | गाँव की ठाकुरबारी का संक्षिप्त परिचय आपको दूँगा । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | कहीं से एक संत यहाँ आए और इस स्थान पर झोंपड़ी बनाकर रहने लगे थे । | (III) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(III), 2-(I), 3-(II)



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में 'त्रिलोचन' समस्त-पद का सही युग्म है :

(A) तीन लोचन का समूह – कर्मधारय समास

(B) तीन हैं जो लोचन – तत्पुरुष समास

(C) तीन हैं लोचन जिसके – द्विगु समास

(D) तीन हैं लोचन जिसके – बहुव्रीहि समास

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए और सही जोड़े को चुनिए :

(A) घोरतपस्या – बहुव्रीहि समास

(B) सिनेमाघर – कर्मधारय समास

(C) पंजाब – द्विगु समास

(D) क्रोधाग्नि – अव्ययीभाव समास

(iii) 'भलामानस' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) भलाई का मानस

(B) भला और मानस

(C) भला है जो मानस

(D) भलाई के लिए मानस

(iv) 'आजीवन' समस्त-पद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(v) 'स्वर्णपदक' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'प्रतिष्ठा बढ़ाना' अर्थ के लिए मुहावरा होगा :

(A) शेर के दाँत गिनना

(B) सिर पर कफ़न बाँधना

(C) चार चाँद लगाना

(D) हवाई किले बनाना

(ii) "मेरी बहन साँप-सीढ़ी के खेल में हार रही थी, अत: उसने गोटियाँ मिलाकर पूरा खेल ही __________ दिया ।" वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) घाव हरा होना

(B) गागर में सागर भरना

(C) आँखों में धूल झोंकना

(D) गुड़ गोबर कर देना

(iii) 'हमारी सेना ने दुश्मन को <u>बुरी तरह हरा दिया</u> ।' वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) नमक-मिर्च लगाना

(B) छक्के छुड़ाना

(C) खून खौलना

(D) खून जलाना

(iv) 'असंभव कार्य कर दिखाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) तारे तोड़ लाना

(B) तूती बोलना

(C) त्योरियाँ चढ़ाना

(D) तिल का ताड़ बनाना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) 'युद्ध के लिए तैयार होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) डींग मारना

(B) तिल का ताड़ बनाना

(C) तू-तू मैं-मैं होना

(D) तलवार खींचना

(vi) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) नतमस्तक होना – सिर उठाना

(B) दौड़-धूप करना – धूप में दौड़ना

(C) नज़र रखना – ध्यान रखना

(D) पन्ने रंगना – कागज़ों पर रंग बिखेरना

**7.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कबीर के अनुसार मीठी बोली का क्या प्रभाव होता है ?

I. हमारा शरीर शीतल होता है ।

II. बोली में अहं का भाव आता है ।

III. हमारा काम सरलतापूर्वक हो जाता है ।

IV. सुनने वाले को सुखानुभूति होती है ।

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) II, III

(C) III, IV

(D) I, IV

(ii) "जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल" — इन पंक्तियों में कवि ने ताल को किस रूप में चित्रित किया है ?

(A) पर्वत की परछाई के रूप में

(B) विशाल जल-स्रोत के रूप में

(C) विशाल दर्पण के रूप में

(D) छत्रछाया में पलने वाले के रूप में



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**8.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी ।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए ।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) कवि ने ऐसा क्यों कहा कि मृत्यु से नहीं डरना चाहिए ?

(A) मृत्यु से यश प्राप्त होता है

(B) जन्म-मरण ईश्वर के हाथ में है

(C) मृत्यु के बाद नया शरीर मिलता है

(D) मृत्यु तो अवश्यंभावी है

(ii) कवि कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहता है ?

(A) बिना किसी पीड़ा के हुई मृत्यु

(B) अपनों के हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(C) महान उद्देश्य के लिए मरने वाले की मृत्यु

(D) स्वार्थ सिद्ध करते समय हुई मृत्यु

(iii) कैसी मृत्यु व्यर्थ है ?

(A) देश हित प्राप्त होने वाली मृत्यु

(B) जिस मृत्यु को याद न किया जाए

(C) दूसरों के लिए संघर्ष करते हुए प्राप्त मृत्यु

(D) मृत्यु के बाद जो हमेशा याद रहे



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) पशु प्रवृत्ति क्या है ?

(A) अपने लिए जीना-खाना

(B) दूसरों के लिए जीना-खाना

(C) परोपकार का भाव रखना

(D) दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुँचाना

(v) कौन-सा/से वाक्य पद्यांश से मेल खाता है/खाते हैं ?

I. उदार मनुष्य दूसरों के लिए जीता-मरता है ।

II. पशु प्रवृत्ति को समझ के साथ अपनाना चाहिए ।

III. मनुष्य जीवन की सार्थकता परोपकार में है ।

IV. जीवन में कुछ पाने के लिए स्वार्थी होना पड़ता है ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) II, IV

(C) I, III

(D) II, III

**9.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कौन-सा/से वाक्य 'कारतूस' एकांकी से मेल खाते हैं ?

I. वज़ीर अली की आज़ादी बहुत ख़तरनाक है ।

II. वकील ने वज़ीर अली की बात ध्यानपूर्वक सुनी और सहायता का पूरा आश्वासन दिया ।

III. इसका मतलब कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है ।

IV. लेफ़्टीनेंट के अनुसार वज़ीर अली को पकड़ना बहुत सरल है ।

**विकल्प :**

(A) केवल II

(B) I, III

(C) I, II, IV

(D) III, IV



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ii) 'तताँरा-वामीरो कथा' में ततांरा की कौन-सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं ?

(A) मिलनसार, संवेदनशील, चालाक

(B) संवेदनशील, साहसी, निर्दयी

(C) नेक, साहसी, मददगार

(D) साहसी, मददगार, निष्ठुर

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनकर लिखिए : *5×1=5*

सालाना इम्तिहान हुआ । भाई साहब फ़ेल हो गए, मैं पास हो गया और दरजे में प्रथम आया । मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया । जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ – 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मज़े से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा । हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा । भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा । आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा । दिल मज़बूत था । अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया । मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया ।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ ज़ाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था । भाई साहब ने इसे भाँप लिया – उनकी सहज बुद्धि बड़ी तीव्र थी और एक दिन जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके ठीक भोजन के समय लौटा, तो भाई साहब ने मानो तलवार खींच ली ।

(i) कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के व्यवहार में बड़े भाई साहब के प्रति झलकने लगा :

(A) प्रसन्नता

(B) अहंकार

(C) स्वाभिमान

(D) गर्व



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ii) छोटा भाई बड़े भाई साहब को आड़े हाथों लेना चाहता था परंतु ऐसा कर नहीं पाया, क्यों ?

(A) उनकी डाँट-डपट का डर था

(B) उसकी हिम्मत नहीं पड़ी

(C) लोक-लाज का डर था

(D) उनसे हमदर्दी हो आई

(iii) छोटे भाई के अव्वल आने पर भाई साहब के व्यवहार में क्या अंतर आया ?

(A) वे और अधिक ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे

(B) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई

(C) वे भी खेल-कूद में भाग लेने लगे

(D) अपनी पीड़ा भूलकर बेहद प्रसन्न हो गए

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* भाई साहब गुस्सा हो गए और उन्होंने तलवार खींच ली ।

*कारण :* छोटा भाई सुबह से शाम तक गुल्ली-डंडा खेलकर लौटा था ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं

(B) कथन सही है लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) कौन-सा/से वाक्य गद्यांश से मेल खाते हैं ?

I. वार्षिक परीक्षा में हर बार की तरह छोटा भाई भी अच्छे अंकों से पास हो गया ।

II. भाई साहब दुखी और उदास हो गए थे ।

III. छोटे भाई ने अपने हाव-भाव से दर्शा दिया कि उन दोनों में कोई बराबरी नहीं है ।

IV. अब बड़े भाई साहब ने छोटे भाई को कुछ भी कहना पूरी तरह से छोड़ दिया था ।

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) केवल III

(C) II, III

(D) III, IV

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'टोपी शुक्ला का दोस्त इफ्फन था लेकिन उसकी घनिष्ठ दोस्ती इफ्फन की दादी से भी थी ।' इस कथन को 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को बचपन में प्रकृति कैसी प्रतीत होती थी ? उस समय लेखक फूलों के साथ कैसा व्यवहार करता था ?

(ग) "लेखक का हरिहर काका से घनिष्ठ जुड़ाव है ।" — पाठ में आए इस कथन को तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**12.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'आत्मत्राण' कविता की कौन-सी दो बातें आपको बहुत प्रेरित करती हैं और क्यों ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) कैफ़ी आज़मी का यह गीत — 'कर चले हम फ़िदा ...' किनके बारे में लिखा गया है ? इस गीत में उनकी किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है ?

(ग) श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिए मीरा कौन-कौन से कार्य करने को तत्पर है ? इनसे श्रीकृष्ण के प्रति मीरा के किस भाव का पता चलता है ?

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) गाँधी जी के बारे में लोग क्या कहते थे, गाँधी जी ने सदा क्या प्रयास किया ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) प्रकृति में आए असंतुलन के लिए आप किसे जिम्मेदार ठहराते हैं और क्यों ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले'— पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) मोनुमेंट के नीचे शाम को सभा होनी थी लेकिन भोर में क्या घटना घटी ? 'डायरी का एक पन्ना'— पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पर्वतीय स्थल की यात्रा

संकेत-बिंदु

- हरियाली ही हरियाली
- घुमावदार सड़कें
- सुखद वातावरण



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ख) खेल और स्वास्थ्य

संकेत-बिंदु

- स्वास्थ्य का खजाना : खेल
- प्रसन्नता का आधार
- समभाव और अनुशासन की प्रेरणा

(ग) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

संकेत-बिंदु

- लड़कियों तक शिक्षा की पहुँच
- लड़कियों के अधिकारों का बढ़ाना
- लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करना

**15.** (क) आप पत्रलेखा/नीलोत्पल हैं । आपके मोहल्ले के कूड़ेदान में गंदगी का ढेर लगा है, उसके बारे में नगर-निगम अधिकारी को आपने शिकायती-पत्र लिखा था जिस पर शीघ्र ही उचित कार्यवाही हो गई है । अत: नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में धन्यवाद पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप आस्था/मनु हैं । 'ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य' इस विषय पर लगभग 100 शब्दों में अपने विचार लिखकर किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को भेजिए । *5*

**16.** (क) छुट्टी के बाद स्कूल की बस से घर जाते हुए आपका एक बैग बस में ही छूट गया । बस का रूट नं. और अपने बैग का विवरण देते हुए विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए । *4*

**अथवा**

(ख) विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव के रूप में आप 'अंतर्विद्यालयीय कहानी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहन हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**17.** (क) लाल बाग में पुष्प-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है । उसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाज़ार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए जिसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया गया हो । *5*

**अथवा**

(ख) "अभी धूप चमक रही थी कि अचानक आकाश में काले बादलों का साम्राज्य छा गया और तभी तेज़ ओलों की बौछार ने सड़क पर धमा-चौकड़ी मचा दी ..." इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर लिखिए । *5*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>**

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8.	यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9.	एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10.	यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11.	प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12.	यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/4/1 | 4/4/2 | 4/4/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - 'अ'**<br>**(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (v) | (A) अस्वस्थ होना, वेतन कटौती, व्यावसायिक मंदी | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (D) संतोषी होना | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) विभिन्न चिंताओं से घिरे होने के कारण | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (v) | (v) | (i) | (D) I, II, IV | |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (v) | (A) कम उम्र में शतरंज के क्षेत्र में नाम कमाना | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (B) असफल होने से जीवन समाप्त नहीं होता। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) असफलताओं से शिक्षा ग्रहण करना | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (B) अहंकार और आक्रोश की इच्छा को | |
| | (v) | (v) | (i) | (C) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।<br>नोट- दिए गए कथन का कारण, कथन का परिणाम है अतः विकल्प (D) सही नहीं है। | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (ii) | - | - | (D) क्रिया पदबंध | |
| | (iii) | - | - | (C) विशेषण पदबंध | |
| | (iv) | - | - | (A) वह तेज़ क़दमों से चलती हुई वहाँ पहुँची। | |
| | (v) | - | - | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | (i) | - | (B) सर्वनाम पदबंध | |
| | - | (ii) | - | (C) क्रिया पदबंध | |
| | - | (iii) | - | (C) विशेषण पदबंध | |
| | - | (iv) | - | (D) दोनों कबूतर अब रात-भर ख़ामोश और उदास बैठे रहते हैं। | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (v) | - | (C) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (i) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (ii) | (C) विशेषण पदबंध | |
| | - | - | (iii) | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (iv) | (D) विशेषण पदबंध | |
| | - | - | (v) | (A) मेरा गाँव <u>आरा से चालीस किलोमीटर की दूरी पर</u> है। | |
| 4 | 4 | 4 | 4 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (C) युगल के बलिदान की कथा यहाँ बयान की गई है। | |
| | (ii) | - | - | (B) मिश्र वाक्य | |
| | (iii) | - | - | (C) संयुक्त वाक्य | |
| | (iv) | - | - | (D) आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी। | |
| | (v) | - | - | (A) 1 – (III), 2 – (I), 3 – (II) | |
| | - | (i) | - | (D) सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो। | |
| | - | (ii) | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | (iii) | - | (B) संयुक्त वाक्य | |
| | - | (iv) | - | (D) कहा गया है कि वह केवल मानव जाति के ही नहीं सभी पशु-पक्षियों के भी हाकिम थे। | |
| | - | (v) | - | (B) 1 – (III), 2 – (I), 3 – (II) | |
| | - | - | (i) | (D) काका की ज़िंदगी से मैं बहुत गहरे से जुड़ा हूँ। | |
| | - | - | (ii) | (B) मिश्र वाक्य | |
| | - | - | (iii) | (C) संयुक्त वाक्य | |
| | - | - | (iv) | (B) गाँव के पूरब में ठाकुरजी का जो विशाल मंदिर है उसे गाँव के लोग ठाकुरबारी कहते हैं। | |
| | - | - | (v) | (D) 1 – (III), 2 – (I), 3 – (II) | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **5** | **6** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (v) | (B) तत्पुरुष समास | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (D) अव्ययीभाव समास | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) भला है जो मानस | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (C) पंजाब - द्विगु समास | |
| | (v) | (v) | (i) | (D) तीन हैं लोचन जिसके – बहुव्रीहि समास | |
| **6** | **6** | **5** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (vi) | (C) नज़र रखना - ध्यान रखना | |
| | (ii) | (ii) | (v) | (D) तलवार खींचना | |
| | (iii) | (iii) | (iv) | (A) तारे तोड़ लाना | |
| | (iv) | (iv) | (iii) | (B) छक्के छुड़ाना | |
| | (v) | (v) | (ii) | (D) गुड़ गोबर कर देना | |
| | (vi) | (vi) | (i) | (C) चार चाँद लगाना | |
| **7** | **7** | **10** | **8** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) मृत्यु तो अवश्यंभावी है | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) महान उद्देश्य के लिए मरने वाले की मृत्यु | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) जिस मृत्यु को याद न किया जाए | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) अपने लिए जीना-खाना | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) I, III | |
| **8** | **8** | **9** | **7** | **'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1 = 2** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) I, IV | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) विशाल दर्पण के रूप में | |
| **9** | **9** | **8** | **10** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) अहंकार | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) उनसे हमदर्दी हो आई | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) उनके रौब में थोड़ी नरमी आ गई | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (v) | (v) | (v) | (C) II, III | |
| **10** | **10**<br>(i)<br>(ii) | **7**<br>(i)<br>(ii) | **9**<br>(i)<br>(ii) | **'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(B) I, III<br>(C) नेक, साहसी, मददगार | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड - 'ब'**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **11** | **11** | **13** | **13** | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | - | - | अमर दिन क्यों-<br>• अंग्रेज़ सरकार के आदेश के विरुद्ध आम जनता द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति हेतु सभा का आयोजन<br>• सभा में बड़ी संख्या में आम जनता की भागीदारी<br>• स्त्रियों की विशिष्ट भूमिका<br>तैयारियाँ-<br>• प्रचार में दो हज़ार रुपये खर्च किये गए<br>• घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं को समझाया गया<br>• सार्वजानिक स्थलों. मकानों, बाज़ारों, घरों को सजाया गया और झंडे लगाए गए | **1+2= 3** |
| | (ख) | - | - | लेखक के विचार-<br>• आदर्शवादी भावुक और संवेदनशील कवि<br>• यश, धन-लिप्सा, मोह-माया, फिल्मी चकाचौंध से दूर<br>• उनके जीवन और गीतों में करूणा, सरलता प्रतिबिंबित<br>• संघर्षपूर्ण जीवन<br>छवि-<br>(विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **2+1= 3** |
| | (ग) | - | - | विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर उपयुक्त मुक्त उत्तर स्वीकार्य | **3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (क) | - | • प्रकृति का अत्यधिक दोहन करने से प्राकृतिक आपदाओं (सूखा, बाढ़, अकाल, भूकंप, सुनामी, आँधी-तूफान आदि) का आना<br>• समुद्र द्वारा तीन जहाजों को गेंद की तरह उछाल देना, मुंबईवासियों में भय<br>(विद्यार्थी द्वारा समसामयिक उदाहरण भी स्वीकार्य) | 3 |
| | - | (ख) | - | <u>किसके लिए-</u><br>• गांधी जी के लिए<br><u>क्यों-</u><br>• सोना आदर्श का और ताँबा व्यावहारिकता का प्रतीक<br>• व्यावहारिकता को आदर्श तक लाने का प्रयास<br>• सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाना<br>• गांधीजी का आदर्शवादी व्यवहार | 1+2=<br>3 |
| | - | (ग) | - | <u>विशेषताएँ-</u><br>• आत्मसंतुष्टि के लिए कार्य<br>• बुद्धि से अधिक भावनाओं को महत्त्व देना<br>• अपने आदर्श/मूल्यों से कभी समझौता न करना<br><u>क्यों-</u><br>(विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर उपयुक्त मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 3 |
| | - | - | (क) | <u>क्या-</u><br>• प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट<br><u>क्यों-</u><br>• सोना आदर्श का और ताँबा व्यावहारिकता का प्रतीक<br>• व्यावहारिकता को आदर्श तक लाने का प्रयास<br>• सोने में ताँबा नहीं बल्कि ताँबे में सोना मिलाकर उसकी कीमत बढ़ाना<br>• गांधीजी का आदर्शवादी व्यवहार | 1+2=<br>3 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (ख) | <u>किसे कहा गया –</u><br>• मानव जाति को<br><u>क्यों –</u><br>• स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर कब्ज़ा<br>• विविध जीव-जंतुओं और पक्षियों के आश्रय को छीन लेना<br>• बढ़ती आबादी के कारण प्राकृतिक असंतुलन | 1+2=<br>3 |
| | - | - | (ग) | • मोनुमेंट को प्रात: छह बजे से ही पुलिस ने घेर लिया<br>• कई स्थानों पर भोर में ही झंडा फहरा दिया गया<br>• श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया<br>• लोगों से मार-पीट की या हटा दिया गया<br>• तारा सुंदरी पार्क में कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चन्द्र सिंह झंडा फहराने गए तो वे भी भीतर न जा सके<br>• गुजराती सेविका संघ के जुलूस में आई लड़कियों को गिरफ़्तार कर लिया गया | 3 |
| 12 | 12 | 12 | 12 | 'काव्य खंड' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | 2 x 3<br>= 6 |
| | (क) | (क) | (ग) | <u>कार्य-</u><br>• श्रीकृष्ण की चाकरी, बाग लगाना, ऊँचा महल बनाना<br>• वृंदावन की गली-गली में गोविंद लीला का गान<br>• आधी रात को यमुना तट पर कुसुम्बी साड़ी पहनकर श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए आना<br><u>भाव-</u><br>• श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य और एकनिष्ठ प्रेम<br>• आराध्य से मनुहार, लाड़<br>• माधुर्य भाव | 2+1=<br>3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | <u>किनके बारे में</u> - | 1+2=<br>3 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | (ग) | (क) | • भारतीय सैनिकों के बारे में<br>विशेषताएँ -<br>• अत्यंत कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करना<br>• त्याग और बलिदान की भावना<br>• देश का सम्मान सर्वोपरि<br>• देश के नागरिकों को उनके कर्तव्यबोध की याद दिलाते हुए देश की रक्षा के लिए प्रेरित करना<br><br>• साहस और पुरुषार्थ की भावना<br>• आत्मभय से मुक्ति<br>• ईश्वर पर दृढ़ विश्वास<br>• विपत्तियों से मुक्ति नहीं, विपत्तियों पर जीत<br>(इनमें से कोई दो बातें और उनके उपयुक्त कारण अपेक्षित) | 3 |
| 13 | 13 | 11 | 11 | 'पूरक पाठ्य-पुस्तक' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | 2 x 3 = 6 |
| | (क) | (क) | (ग) | • लेखक हरिहर काका के पड़ोसी<br>• लेखक से उनका पितातुल्य संबंध<br>• लेखक की हरिहर काका से प्रथम दोस्ती<br>• लेखक और हरिहर काका के बीच खुलकर बातचीत<br>• हरिहर काका के मौन हो जाने पर लेखक का चिंतित होना | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रतीति-<br>• बचपन में घास अधिक हरी, फूलों की सुगंध अधिक मनमोहक<br>• स्कूल में गेंदा, गुलाब और मोतिया की दूध-सी सफ़ेद कलियाँ बेहद पसंद<br>• अलियार झाड़ (डंडियाँ) की पत्तियों की नीम जैसी महक<br>फूलों के साथ व्यवहार-<br>• लेखक का चुपके से फूलों को तोड़ना<br>• जेब में संभाल लेना या तो चबा लेना | 1+2= 3 |
| | (ग) | (ग) | (क) | • टोपी और इफ़्फ़न की दादी का परस्पर प्रेम | 3 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • माँ की तरह इफ़्फ़न की दादी का पूरबी भाषा बोलना<br>• टोपी को दादी द्वारा तरह-तरह की कहानियाँ सुनाना<br>• इफ़्फ़न के घर जाकर उसकी दादी के साथ समय बिताना<br>• इफ़्फ़न की दादी का स्नेहपूर्ण व्यवहार | |
| **14** | **14** | **14** | **14** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **15** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **18** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **17** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **16** | **18** | लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** औपचारिक ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन- | **1 x 5 = 5** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE
www.studentbro.in